देहरादून | शनिवार • 30.11.2024

अमर उजाला 02



क्वाड्रा इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद में आयोजित खेलकूद के दौरान कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र। स्रोत : संस्थान

## वॉलीबाल और कबड्डी में 2023 बैच विजयी

रुड़की। क्वाड्रा इंस्टिटयूट ऑफ आयुर्वेद रुड़की में चल रही खेलकूद प्रतियोगिता के चौथे दिन शुक्रवार को वॉलीबाल, कबड्डी एवं दौड़ के सेमीफाइनल मुकाबले हुए।

वॉलीबाल के सेमीफाइनल मुकाबले में 2022 बैच के छात्रों ने 2023 बैच के छात्रों को हराकर जीत हासिल की। कबड्डी सेमीफाइनल मुकाबला भी 2022 एवं बैच 2023 के बीच हुआ। इसमें भी बैच 2022 ने जीत हासिल की। बालक दौड़ प्रतियोगिता में बीएएमएस बैच से अंशु एवं बालिका दौड़ में बैच 2023 की छात्रा तान्या विजयी रही। इस दौरान नरेंद्र सिंह, नर्सिंग प्राचार्य डॉ. नलिनी, संजय सैनी, डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. भूमि सोनी, डॉ. आशीष, डॉ. नेहा, डॉ. सौरभ चौहान, डॉ. रजनीकांत, डॉ. मयंक विश्नोई, डॉ. पारुल आदि मौजूद रहे। संवाद

देहरादून/हरिद्वार, 27 नवंबर, 2024 दैनिक जागरण 7

## बीएएमएस बैच 2020 और 2022 ने जीता क्रिकेट मैच

रुड़की : क्वाड्रा इंस्टीट्यूट आफ आयुर्वेद रुड़की मे वार्षिक खेल प्रतियोगिता मे मंगलवार को कई प्रतियोगिताएं हुई। क्रिकेट मे बीएएमएस बैच 2020 और बीएएमएस बैच 2022 ने अपने-अपने मैचों मे जीत दर्ज की। सात दिवसीय इस प्रतियोगिता में कबड्डी, बैडमिंटन, खो-खो, शतरंज, कैरम, दौड और वालीबाल मे भी खिलाडियो ने दमखम दिखाया। क्रिकेट के दो मुकाबले हुए। पहले मैच मे बीएएमएस बैच 2020 ने बीएएमएस बैच 2021 को 63 रनों से शिकस्त दी। दूसरा मैच बीएएमएस बैच 2022 और बीएएमएस बैच 2023 के बीच हुआ। इसमे बीएएमएस बैच 2022 को जीत मिली। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ क्वाड्रा संस्थान के सचिव डा. रकम सिंह ने किया।

देहरादून/हरिद्वार, 29 नवंबर, 2024 दैनिक जागरण 5

# क्रिकेट मैच में क्वाड्रा इंस्टीट्यूट आफ आयुर्वेद ने मारी बाजी

जागरण संवाददाता, रुड़की : क्वाड्रा इंस्टीट्यूट आफ आयुर्वेद रुड़की में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन क्वाड्रा हास्पिटल व क्वाड्रा आयुर्वेद कालेज के बीच क्रिकेट मैच का रोमांचक मुकाबला हुआ। इसमें क्वाड्रा आयुर्वेद कालेज ने बाजी मारी। इसमें चार विकेट लेकर व 22 रन बनाकर दीपक कुमार मैन आफ द मैच रहे।

- क्वाड्रा इंस्टीट्यूट आफ आयुर्वेद रुड़की में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का तीसरा दिन
- चार विकेट लेकर और 22 रन बनाकर दीपक कुमार मैन रहे आफ द मैच

गुरुवार को हुए मैच का टास आयुर्वेद हास्पिटल ने जीता और आयुर्वेद कालेज को पहले बल्लेबाजी का मौका दिया। इस दौरान क्वाड्रा आयुर्वेद कालेज की टीम के बल्लेबाज शुरुआत से ही हास्पिटल की टीम गेंदबाजों पर हावी रहे। बल्लेबाज कैप्टन डा. जितेंद्र राणा व डा. अनित सैनी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन कर 35 रन की साझेदारी निभाई। वहीं, डा. अंकित त्यागी के 34 व संजय सैनी के 28 रन के बाद हास्पिटल टीम को 12 ओवर में 152 रन बनाने का लक्ष्य दिया। इसके बाद हास्पिटल की टीम के डा. अभिषेक ने 42, डा. अनस खान ने 31, डा. सावेज ने 15 और डा. शहजाद ने 24 रन बनाए। वहीं, हास्पिटल की टीम 140 रन पर सिमट गई।

उधर, कबड्डी में बैच 2020 व 2023 के मुकाबले बैच 2023 ने जीत दर्ज की। शतरंज प्रतियोगिता में 2023 बैच से आदित्य सैनी व स्नेहलता विजयी घोषित हुए। इस दौरान संस्थान के सचिव डा. रकम सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी व्यक्तित्व के निर्माण में सहायक होता है। क्रीड़ा समिति प्रभारी डा. शैरोन प्रभाकर ने बताया कि साप्ताहिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन 30 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा। इस मौके पर नरेंद्र सिंह, डा. नालिनी देवी, संजय सैनी, डा. सौरभ कुमार आदि मौजूद रहे।